केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को स्वीकृति दी

चर्चा में क्यों?

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने **मध्य प्रदेश में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण तथा सुदृढ़ीकरण के लिये 3549.48 करोड़ रुपए** की स्वीकृति दी है।

मुख्य बिंदु:

- मध्य प्रदेश के **सीहोर और रायसेन ज़िलों** में हाइब्रिड वार्षिकी मोड के तहत **राष्ट्रीय राजमार्ग-146 B (शाहगंज बाईपास से बड़ी पैकेज-IV तक) के 41 किलोमीटर लंबाई वाले खंड को 4-लेन** करने के लिये **776.19 करोड़ रुपए** के आवंटन की स्वीकृति दी गई है।
- प्रस्तावित परियोजना कोरिडोर जबलपुर, भोपाल, बैतूल और इंदौर शहरों तक पहुँचने के लिये यात्रा के समय को कम करेगा तथा राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) एवं राज्य राजमार्ग (SH) नेटवर्क व अन्य महत्त्वपूर्ण शहर सड़कों से जुड़कर विभिन्न शहरी नोड्स को जोड़ेगा।
- मध्य प्रदेश में हाइब्रिड एंप्युटी मोड के अंतर्गत अयोध्या बायपास के दोनों ओर राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर आशाराम तिराहा से भोपाल में राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर रत्नागिरी तिराहा तक 6-लेन की सर्विस रोड बनाने के लिये **1238.59 करोड़ रुपए** के आवंटन की स्वीकृति दी गई है।
- पैकेज-1 के अंतर्गत 1534.70 करोड़ रुपए की लागत से हाइब्रिड एन्यूटी मोड के तहत 34 किमी लंबे चासले 6 लेन इंदौर वेस्टर्न बायपास के निर्माण को स्वीकृति दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/central-government-approves-national-highways-projects-in-madhya-pradesh